Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to take measures for payment of arrears of sugarcane to farmers in Uttar Pradesh.

श्री मलूक नागर (बिजनौर): महोदय, किसानों की आय दोगुनी करने, गन्ने का रेट बढ़ाने आदि से संबंधित मुद्दों के बारे में मैं 9 बार संसद में, 3 बार संसदीय समितियों की बैठकों में, 4 बार उत्तर प्रदेश के मंत्रियों को व बीते साल माननीय वित्त मंत्री जी को पत्र लिख चुका हूं। आज पुनः इस मुद्दे को उठा रहा हूं कि अतिशीघ्र गन्ने का खरीद मूल्य बढ़ाने के साथ-साथ उपजों का भी मूल्य लागत अनुपात में बढ़ाया जाए। पूरे उत्तर प्रदेश में हजारों करोड़ व पूरे देश में लाखों करोड़ गन्ना किसानों का जो पैसा गन्ना फैक्ट्रियों पर बकाया है, उसे दिलवाया जाए, जिससे देश की रीढ़ की हड्डी कृषि क्षेत्र मजबूत होगा एवं देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और देश का किसान खुशहाल होगा।